भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.05.2023

आरेडिका महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने किया कॉलोनी निरीक्षण

महाप्रबंधक महोदय ने आरेडिका को हरा भरा बनाने के लिए एक लाख पेड़ लगाने के लिए निर्देशित किया था। सिविल विभाग द्वारा इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। वृक्षों के लगने से आरेडिका के वातावरण में प्राणवायु के घनत्व में वृद्धि होगी वहीं दूसरी ओर ग्रीन हाउस गैसों के उत्पादन में कमी आएगी।

उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन की जाँच हेतु महाप्रबंधक महोदय, ने आरेडिका के आवसीय परिसर में कॉलोनी के टाइप–2 एवं टाइप–3 क्वाटरों के क्षेत्रों का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया जिसमें आवासीय परिसर में पानी तथा साफ–सफाई एवं कॉलोनी में पार्क तथा झूलों की व्यवस्था के समुचित रखरखाव का निरीक्षण किया और पार्क को पर्यावरण की दृष्टि से सुसज्जित करने एवं बच्चों के खेल–कूद की सुविधाओं का विस्तार करने का निर्देश दिया।

इसी कड़ी में कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों तथा बच्चों से कॉलोनी को बेहतर बनाने के लिए सुझाव लिए, और उन्हें भी अधिकाधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

इस निरीक्षण के दौरान क्वाटर संख्या 2109/बी के सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित लॉन एवं किचेन गार्डन, से प्रभावित होकर श्री रामप्रसाद (आवास धारक) को नगद पुरस्कार की घोषणा करके प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य अभियंता श्री एस पी यादव, उप मुख्य अभियंता श्री नेता प्रसाद एवं श्री घनश्याम चौरसिया सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

26/5/2023

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी